डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 241 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 15 जून 2024 | मूल्य 2 रुपया




## नशेबाज सवारी ने कंडक्टर को चाकू मारा

**नीमच, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर के बघाना थाना क्षेत्र के हवाईपट्टी इलाके में गुरुवार देर रात बस में सवार यात्री ने कंडक्टर को चाकू मार दिया। दरअसल कंडक्टर ने सवारी को आगे बढ़ने को कहा, जो उसे नागवार गुजरा। उसने कंडक्टर पर धारदार हथियार से घायल कर दिया। घायल कंडक्टर को उपचार के लिए बड़े अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नागदा बस पर कंडक्टर का काम करने वाला रामसिंह सौंधिया अपनी ड्यूटी खत्म कर एक बस में सवार होकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान नीमच हवाई पट्टी के यहां एक यात्री बस में चढ़ा, जिसे रामसिंह ने आगे बढ़ने की कहा तो इससे वह भड़क गया और शराब के नशे में उस यात्री ने धारदार हथियार से रामसिंह को हमलाकर घायल कर दिया। सूचना पर बघाना पुलिस पहुंची व घायल को बड़े अस्पताल पहुंचाया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। आरोपी लखमी गांव का रहने वाला बताया जा रहा है।

# बोरी में भराया यातायात सुधार का मास्टर प्लान..!

## सड़के चौड़ी होने की बजाय अतिक्रमण और वाहनों से हो गई सकरी





**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित जिले में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सालों से सुधार के लिए अधिकारी दिशा-निर्देश जारी कर रहे। कुछ समय पहले यातायात पुलिस ने यातायात सुधार के लिए मास्टर प्लान बनाया था। लेकिन, आज तक इस पर कोई काम नहीं हो सका। जिले की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए नगर पालिका के गठन के बाद यातायात पुलिस ने यह मास्टर प्लान तैयार कर नपा, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन को भेजा। लेकिन, किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि, यह धरातल पर नहीं उतरा। जिससे सड़के चौड़ी होने की बजाय सकरी हो गई। इसका कारण है संस्थानों और दुकानो के बाहर खड़े वाहन और अतिक्रमण।

सालों से शहर की यातायात व्यवस्था सुधार की बातें ही हो रही हैं। अधिकारी निर्देश भी देते हैं। 12 अप्रैल 2019 को तत्कालीन कलेक्टर ने जीआईएस मैप तैयार कर समाधान का पूरा प्लान बनाने के निर्देश दिए। फिर 6 मार्च 2020 को रोड इंजीनियरों की टीम बुलाकर स्मार्ट सिटी की तर्ज पर शहर का यातायात प्लान बनाने का निर्णय हुआ। अधिकारियों के तबादले होते ही योजनाएं ठंडे बस्ते में चली जाती हैं। आखिरकार अगस्त 2022 में यातायात पुलिस ने अपने स्तर पर शहर की यातायात व्यवस्था का मास्टर प्लान बनाया। यह नपा अधिकारी, पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन को भी दिया। लेकिन, आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसमें सुधार कार्य जैसे मल्टी लेवल पार्किंग, रोड़ चौड़ीकरण, चौराहा सुधार कार्य नपा द्वारा कराया जाना था।

### मुख्य चौराहों पर टर्न लेते समय हमेशा रहती है हादसे की आशंका...

पुलिस ने अपने मास्टर प्लान में शहर के तीन चौराहों पर बनी रोटरी में भी सुधार के सुझाव दिए थे। बीपीएल चौराहा, महाराणा प्रताप बस स्टैंड एवं महारानी लक्ष्मी बाई चौराहा पर बने चौराहा गलत बने हैं। रोटरी चौरो के केंद्र में नहीं है। जिससे गलत तरह से वाहनों को टर्न लेना पड़ता है। ऐसे में हादसे की आशंका रहती है। महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा पर तो रोटरी एक तरफ बनी है। जिससे सहकारी बाजार जाने के लिए वाहन चौराहा से पहले ही टर्न लेते हैं। सामने से आने वाले वाहन से टकराव की स्थिति आए दिन बनती है।

### बेसमेंट में पार्किंग बताई, बना दिए गोदाम व दुकानें...

भवन निर्माण के समय शासन के नियमानुसार साइज के अनुसार कॉम्प्लेक्स, मॉल में पॉर्किंग एरिया देना जरूरी है। हैरानी की बात है कि निजी तो दूर शहर में एक भी शासकीय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में भी पार्किंग नहीं है। बड़े भवनों के नक्शों में बेसमेंट में पार्किंग बताई गई। लेकिन, माफियाओ ने सभी में गोदाम या दुकानें बना दीं। इस अव्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन ही जिम्मेदार हैं। नतीजा यह है कि दुकानों में जाने वाले ग्राहक सड़क पर वाहन खड़े करते हैं।

### इन मार्गों के चौड़ीकरण का था प्लान...

✻ महाराणा प्रताप बस स्टैंड से प्रतापगढ़ पुलिया तक। ✻ गुप्ता कचौरी कॉर्नर से संजीत नाका तक। ✻ घंटाघर से शुक्ला चौक तक, माधवगंज से जगतपुरा तिराहा तक। ✻ गांधी चौराहा से बड़े बालाजी मंदिर नेहरू बस स्टैंड तक। ✻ धानमंडी उतारा से बड़ा चौक, गणपति चौक, शुक्ला चौक तक। ✻ आंबेडकर चौराहा, किला रोड से पशुपतिनाथ मंदिर तक।

## आरएसएस मालवा प्रांत में कई बदलाव



### उज्जैन में आयोजित दो दिवसीय बैठक में निर्णय, पहली बार मालवा प्रांत में एक साथ 6 जिला प्रचारक दिए गए

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** आरएसएस मालवा प्रांत में इस बार कई बड़े बदलाव किए गए है। पहली बार मालवा प्रांत में एक साथ 6 नए जिला प्रचारक दिए गए है। मंदसौर विभाग प्रचारक श्री अरुण जैन को प्रांत सह बाल्य कार्य प्रमुख बनाया गया है। उनके स्थान पर श्री अजय गौड़ को मंदसौर विभाग प्रचारक नियुक्त किया गया है। वे पहले गरोठ जिला प्रचारक रह चुके है और वर्तमान में खंडवा विभाग प्रचारक है।

आरएसएस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार श्री दिनेश तेजरा को खंडवा जिला प्रचारक से धार विभाग प्रचारक बनाकर भेजा गया है। गरोठ जिला प्रचारक श्री कृष्णकांत पांडे को रतलाम जिला प्रचारक, नीमच जिला प्रचारक रामजी को देवास विभाग प्रचारक बनाया गया है। इसी तरह गरोठ तहसील प्रचारक श्री रणजीतसिंह को उज्जैन विभाग कार्यालय आराधना का कार्यालय प्रमुख एवं उज्जैन विभाग कार्यालय प्रमुख दिनेश जी को मालवा प्रांत कार्यालय अर्चना रामबाग इंदौर का कार्यायल प्रमुख बनाया गया है। इसी तरह मंदसौर नगर प्रचारक श्री नवीन भटेवरा को इंदौर नगर प्रचारक बनाया गया है। इस वर्ष मालवा प्रांत आरएसएस में कई फेरबदल किए गए है।

# पंजाब में पकड़ी 2 किलो अफीम

## कारु की तलाश में मंदसौर आई पंजाब पुलिस

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** बीते दिनो पंजाब पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 2 किलो अफीम बरामद की थी। तस्दीक व अन्य कार्यवाही के लिए पंजाब पुलिस मंदसौर आई। वहां आरोपी ने अपने बयान में बताया कि वह कारु मंदसौर से यह माल लाया था।

यह जानकारी लेकर पंजाब पुलिस मंदसौर के थाना यशोधर्मन नगर पहुंची। जहां से पुलिस बल लेकर लोकेशन के आधार पर आनंद विहार स्थित कारु पाटीदार के घर गई। लेकिन, उसने काफी समय तक दरवाजा नहीं खोला। बाद में सीतामऊ क्षेत्र से उसके मिलने वाले आए। उनके कहने के भी करीब 1 घंटे बाद दरवाजा खोला। उसने अफीम तस्करी में खुद के लिप्त होने से साफ इंकार कर दिया। बाद में उसके तर्को से सहमत होकर पंजाब पुलिस ने भी लिखापढ़ी कर रवानगी डाल दी।

## मां के घर में युवक फंदे पर झूला, मौत



**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** रामटेकरी निवासी एक युवक ने स्नेह नगर स्थित अपनी मां के घर में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के समय उसकी मां घर पर नहीं थी। शहर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहित पिता सुदर्शन बैरागी रामटेकरी पर रहता था। वह फोटोग्राफी दुकान का संचालन करता था। उसकी मां शहर के स्नेह नगर में रहती थी। वह शुक्रवार दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच मां के घर में पंखे पर लटक गया। जब तक लोगो ने पुलिस को सूचना दी और उसे नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो गई। बाद में उसकी मां भी अस्पताल पहुंच गई थी। मृतक का मामा परिवार भी अस्पताल पहुंचा था। आज शनिवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनो को सौपा जाएगा।

## एमपीईबी : अब एक घर में लगा सकेंगे दो से अधिक मीटर

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** अभी तक एक मकान में एक ही विद्युत मीटर मकान मालिक के नाम से लगाया जा सकता था। अगर किरायेदार है तो सह मीटर लगाकर या अंदाजन बिजली बिल फिक्स कर लिया जाता था। लेकिन, अब व्यवस्था में बदलाव किया गया है। अब एक घर में दो या उससे अधिक मीटर लगाए जा सकेंगे। इस संबंध में मप्र ऊर्जा विभाग ने आदेश जारी किए है। आदेश के अनुसार मूल परिसर पर बकाया राशि होने की स्थिति में मूल परिसर पर बकाया राशि का भुगतान समानुपातिक रूप से किया जा सकेगा। उदाहरण स्वरूप, मूल कनेक्शन पर यदि बकाया राशि रूपये 30 हजार रूपए है एवं वहाँ एक पृथक कनेक्शन लिया जा रहा है तो वहां समानुपातिक रूप से बकाया राशि में से रूपये 15 हजार रुपए एवं यदि दो पृथक कनेक्शन लिये जा रहे हैं तो बकाया राशि में से रूपये 10 हजार रूपए जमा कराकर कनेक्शन दिया जा सकता है। आस्थगित बकाया राशि वाले आवेदनों पर, उक्तानुसार आस्थगित राशि पर ध्यान दिये बिना, उक्त योजनांतर्गत कनेक्शन प्रदान करने की कार्यवाही की जाये। आस्थगित राशि के निराकरण के संबंध में राज्य शासन द्वारा निर्णय पृथक से लिया जाएगा।

### मारपीट करने पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया। मनासाखुर्द निवासी नंदकिशोर पिता भेरुलाल बावरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बहन कविता पति रवि निवासी बरखेड़ादेव ने कॉल किया कि मेरे बेटे रुद्राक्ष की तबीयत खराब है, मैं, मेरी मां कुशाबाई दोनों बरखेड़ा देव गए तो वहा पुष्पेन्द्र मिला और बोला मेरे घर क्यों आए, उसने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया।

# शुक्रवार सुबह फिर लड़े साठिये

## कार का कांच फोड़ा, 14 साठियो को जैल भेजा



**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** साठियो के आपसी विवाद से आमजन परेशान है। शुक्रवार सुबह एक बार फिर साठिये आपस में भीड़ गए। इस दौरान पत्थर बाजी में कालाखेत होटल मारुती में रुके एक व्यक्ति की कार के कांच भी फूट गए। बता दें कि इसके पहले साठिया समुदाय के आपसी मारपीट के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने 41 साठियो पर एफआईआर दर्ज की थी। इनमें से 14 साठियो को शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से सभी को जैल भेज दिया गया। जैल गए साठियो में 8 पुरुष और 6 महिलाएं शामिल है।

शहर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुबह हुए विवाद के बाद पुलिस ने काजल पिता अंतर साठिया, भूमि पिता बालू साठिया, आरती पिता करण साठिया, सोहन पिता बालु साठिया, अंतर पिता भूरा साठिया, करण पिता अंतर साठिया, अंजली पिता राजू साठिया, सोहनबाई पति नाहरु साठिया, कैलाशीबाई पति अंतर साठिया, अर्जुन पिता अंतर साठिया, शाहरुख पिता नाहरू साठिया, धर्मा पिता गोपी साठिया, आशु पिता मोहन साठिया, राजू पिता भूरा साठिया को गिरफ्तार किया। इन सभी के विरूद्ध भादंसं की धारा 327, 341, 294, 506, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया था। इसमें हफ्ता वसूली की धारा 327 गैर जमानती होने से सभी को न्यायालय ने जैल दाखिल का आदेश दिया। जिसके बाद सभी को जैल भेज दिया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल



**मनासा, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार देर रात नीमच रोड पर सावन कुंड गांव के समीप देर रात को हादसा हो गया। इसमें एक युवक की मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार दो अन्य युवक पहले मिली जानकारी के अनुसार गायब थे। लेकिन, बाद में पता चला कि उन दोनो को नीमच के बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक सावन गांव निवासी रोहित माली की सगाई की खुशी में कुशल राठौर, अंकित माली और रोहित माली पार्टी करने मनासा गए थे। वापस आते समय नीमच रोड पर तीनों की बाइक किसी अज्ञात वाहन में पीछे से जा घुसी, जिससे कुशल राठौर उम्र 22 वर्ष की मौत हो गई। वहीं घटना के बाद अंकित और रोहित गायब हो गए। इधर हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन मनासा के शासकीय चिकित्सालय पहुंचे। हादसे के बाद दोनों दोस्तो के गायब होने की बात पर उन्होंने हंगामा कर दिया। बाद में पता चला कि वे भी गंभीर घायल है और उन दोनो को नीमच के बड़े अस्पताल भेजा गया है।

वहीं हंगामे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर परिजनों को शांत किया। शुक्रवार को मनासा के शासकीय चिकित्सालय में परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्दकर दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



## अभी बारिश के आसार नहीं

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार को गर्मी का खासा असर रहा। दिन भर तेज धूप के साथ उमस भी बरकरार रही। दोपहर में बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। प्रदेश में 17-18 जून तक मानसून की एंट्री होने का अनुमान है। इससे पहले प्री मानसून की एक्टिविटी हो रही है।

मौसम जानकारो के अनुसार जिले में अगले तीन चार दिन उमस भरी गर्मी रहेगी। जिले में एक दो जगह बूंदाबांदी हो सकती है। शनिवार को भी ऐसा ही मौसम बना रहेगा। बारिश के आसार नहीं है। अधिकतम तापमान 38 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिको के अनुसार महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों को कवर कर चुका मानसून मध्यप्रदेश की सीमा के करीब है। लेकिन बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की ब्रांच के कमजोर होने की वजह से इसकी एंट्री में देरी हो रही है। अब मानसून 17-18 जून तक प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में इंटर करेगा। इसके एक सप्ताह में मानसून पूरे मध्यप्रदेश को कवर कर लेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस, ट्रफ लाइन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से आंधी, बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी हुई है, जो अगले कुछ दिन तक बनी रहेगी। आकाशीय बिजली गिरने की आशंका ज्यादा है। सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, प्रदेश में मानसून 18 जून तक आ सकता है। दक्षिण हिस्से से मानसून एंटर होगा।

# मंदिर परिसर में मिला गोवंश का कटा सिर

## नाराज लोगों ने जावरा, ढोढर बंद कराया, दो आरोपियों के मकानों पर चली सरकारी जेसीबी



**रतलाम, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जावरा में जागनाथ महादेव मंदिर परिसर में किसी ने गोवंश का कटा सिर फैक दिया। शुक्रवार तड़के पुजारी मंदिर पहुंचे तो गाय का सिर देखकर लोगों व पुलिस को सूचना दी। इस घटना से नाराज हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओ ने जावरा को शांतिपूर्ण ढंग से बंद कराया। इसके बाद फोरलेन पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान शहर में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

रतलाम पुलिस कप्तान श्री राकेश खाखा ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। शहर काजी हाफिज भुरु भाईजान ने शांति बनाए रखने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक बातें न करने की अपील की है। इधर पुलिस प्रशासन ने भी त्वरीत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार ही नहीं किया। बल्कि, उनके घरों पर जेसीबी चलाकर ढहा दिया। पुजारी

गोरवपुरी गोस्वामी ने बताया कि प्रतिदिन की तरह तडके 3 बजे मंदिर आए। गेट खोला तो भगवान गणेश जी की मूर्ति के यहां गोवंश का सिर कटा पड़ा हुआ था। गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद अधिकारी आए। विधायक राजेंद्र पांडे भी मंदिर पहुंचे। मंदिर से सिर हटवा कर साफ-सफाई कराई गई। बताया जा रहा है कि घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी भी सामने आए है। हालांकि, इस बारे में अभी पुलिस कुछ कहने को तैयार नहीं है।

### दुकानो को बंद कराया...

जैसे ही इस घटना की जानकारी जावरा के लोगों को मिली तो बड़ी संख्या में हिंदू संगठन पदाधिकारी, कई सामाजिक संगठन के लोग सुबह मंदिर पहुंचे। घटना को लेकर विरोध जताया। जावरा बंद कराने का फैसला लिया। सभी लोग जावरा के घंटाघर चौराहे पर एकत्र हो गए। जो दुकान खुल गई थी, उन्हें बंद करा दिया।

### शांति और संयम बनाकर रखें-शहर काजी

शहर काजी हाफिज भुरु भाईजान ने पत्र जारी का शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने लिखा- मुस्लिम समुदाय इस घिनौने कृत्य की निंदा करता है। शासन-प्रशासन से निवदेन है कि दोषी को पकड़कर जल्द कड़ी सजा दी जाए। शहर के लोगों से निवेदन है कि शांति और संयम बरतें। जुम्मे की नमाज अदा करें और सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक बात न करें। प्रशासन अपना काम कर रहा है।

### घटना दुर्भाग्यपूर्ण- डॉ. पांडेय

जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय ने कहा कि घटना दुर्भाग्य पूर्ण है। पुलिस अधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं। आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने को कहा है। मंदिर शासकीय है। मंदिर के सीसीटीवी कैमरे बंद हैं। बताया जा रहा है कि मंदिर समिति ने प्रशासन को कैमरे चालू करने के लिए आवेदन भी दे रखा है। लेकिन, ध्यान नहीं दिया गया।

### आंसू गैस के गोले छोड़े, लाठिया भी भांजी...

घटना के विरोध में भीड़ उग्र हो गई। थाने के सामने लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। लाठी चार्ज भी करना पड़ा। हिंदू संगठन के कार्यकर्ता जावरा थाने पर पहुंच गए। वे आरोपियों का जुलूस निकालने की मांग करते रहे। जावरा सीएसपी दुर्गेश आर्मो ने समझाईश देकर कारवाई का आश्वासन दिया। यहां डीआईजी मनोज सिंह, कलेक्टर राजेश बाथम के साथ अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### दो लोगों पर प्रकरण दर्ज- खाखा

रतलाम पुलिस कप्तान श्री राकेश खाखा ने बताया कि 13 और 14 जून की दरमियानी रात में करीब 2.41 बजे दो शरारती तत्व बाइक से जाते हैं और मंदिर परिसर में गोवंश का टुकड़ा फैंक कर वापस लौट जाते हैं। इससे जनभावना को ठेस पहुंची हैं। इस मामले में धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रकरण दर्ज कर लिया है। दो आरोपियों को राउंड अप किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अन्य कोई आरोपी भी इसमें संलिप्त होंगे तो उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी। आरोपियो के विरूद्ध भादंसं की धारा 295, 295क, 153क एवं 4,9 मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 11 डी पशु क्रूरता अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### सांसद ने ली प्रशासन से जानकारी...

सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने जावरा घटना की निंदा की है। उन्होंने फोन पर प्रशासन से बात कर जानकारी ली। गुप्ता ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है।

### आरोपियों के मकान ढहाए...

मंदिर परिसर में गोवंश का कटा सिर फेंकने के आरोपियों शाकीर और जाकीर के घरो को सरकारी जेसीबी चलाकर ढहाया गया। इस दौरान रतलाम डीआईजी मनोज सिंह, अपर कलेक्टर आरएस मंडलोई, प्रभारी एसपी राकेश खाका पुलिस बल के साथ मौजूद थे। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 25 को

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में 25 जून को दोपहर 1.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

## नगरीय निकायों को 132 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंतव्य अनुरूप और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के निर्देश पर, विभाग के आयुक्त श्री भरत यादव ने नगरों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए लगभग 132 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है, जिनमें मुख्यतौर पर सड़क अनुरक्षण के लिए 418 निकायों को 24 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं 12 करोड़ का समेकित अनुदान 334 निकायों को स्वीकृत किया गया है। इसी तरह वैट कर क्षतिपूर्ति के तहत 48 करोड, 418 निकायों को और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए एक करोड़ रुपए की राशि 13 निकायों को स्वीकृत की गई है। मुद्रांक शुल्क के अंतर्गत 31 करोड की राशि 411 निकायों को स्वीकृत की गई है। 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा अनुसार 16.77 करोड़ रुपए की राशि भोपाल और जबलपुर एयर क्वालिटी इंप्रूवमेंट के लिए स्वीकृति गई है।



## शहर गरीबी उपशमन समिति व उद्यान शाखा की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका शहरी गरीबी उपशमन (उन्मूलन) विभाग व उद्यान शाखा की संयुक्त बैठक नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, समिति सभापति श्री रमेश ग्वाला, समिति सदस्यगण श्री गोवर्धन कुमावत, श्री कमलेश सिसौदिया, श्रीमती मंजू अनिल मालवीय, श्रीमती बब्बन युसुफ गौरी, नपा उपयंत्री श्रीमती विधु रानी, सिटी मिशन के अजय शर्मा, उद्यान शाखा प्रभारी राजेन्द्र नीमा, विक्रम गायरी भी उपस्थित थे। बैठक में उद्यान शाखा के कामकाज की समीक्षा करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने की है ऐसे में उद्यान शाखा वृहद पौधरोपण की योजना बनाये। नगर में जितने भी उद्यान है उन उद्यानों की सूची तैयार करे। उद्यानों में नल कनेक्शन, ट्यूबवेल, पानी टेंक है या नहीं इसकी भी सूची भी बनाये। वार्ड पार्षदों से चर्चा कर उनके वार्ड में चयनित उद्यान में पौधरोपण की कार्ययोजना बनाये तथा वार्ड के उद्यान में कौन-कौन सी प्रजाति के पौधे लगाये जा सकते है। इसकी भी योजना बनाये। नगर में जहां भी रोड डिवाइडर पर पौधरोपण हो सकता है इसकी भी कार्ययोजना बनाये। स्वयंसेवी संस्थाये भी यदि पौध रोपण करना चाहती है ता उन्हें भी इस कार्य के लिये प्रोत्साहित किया जाये। बैठक में नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, समिति सदस्य कमलेश सिसौदिया, गोरर्धन कुमावत, ने पौधरोपण पर अपने सुझावों से अवगत कराया। बैठक में सीटी मिशन के अजय शर्मा ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान योजना आदि की पूरी जानकारी समिति के समक्ष रखी। बैठक के अंत में आभार सभापति रमेश ग्वाला ने माना। बैठक में लगभग डेढ घण्टे तक विस्तार से चर्चा हुई।

# अब बाजार से ऋण ले सकता है मप्र, केंद्रीय करों के हिस्से में मिले 10,900 करोड़

**भोपाल, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से अब बाजार से ऋण ले सकती है। इसके लिए केंद्र सरकार ने अनुमति दे दी है। केंद्रीय करों के हिस्से में प्रदेश को 10,900 करोड रुपए मिले हैं। वहीं, जीएसटी में भी 19 हजार करोड़ रुपए से अधिक प्राप्त हुए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है।

**कांग्रेस बोली, प्रदेश की आर्थिक स्थिति खराब**-वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ऋण राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम के प्रावधान के दायरे में रहते हुए लिया जा रहा है। उधर, कांग्रेस ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को खराब बताते हुए सरकार से विधानसभा के मॉनसून सत्र में श्वेत पत्र प्रस्तुत करने की मांग की है।

**सरकार ने कब-कब लिया कर्ज**-प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 42 हजार 500 करोड रुपये का ऋण लिया है। 31 मार्च 2023 की स्थिति में प्रदेश के ऊपर ऋण तीन लाख 31 हजार करोड़ रुपये से अधिक था। इसमें अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के बीच लिए ऋण को शामिल किया जाए तो यह लगभग पौने चार लाख करोड रुपये होता है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद केंद्र सरकार से आगामी वित्तीय वर्ष में राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम के प्रावधान के अनुसार ऋण लेने की अनुमति मांगी जाती है। वित्त विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण इस बार यह विलंब से जून में मिली। अब सरकार जब आवश्यकता होगी, तब ऋण ले सकती है। यह राशि इस बार 50 हजार करोड़ रुपये तक हो सकती है। उधर, केंद्र सरकार ने प्रदेश ने केंद्रीय करों में हिस्से के 10 हजार 900 करोड़ रुपये आवंटित कर दिए हैं। वर्ष 2023-24 में सरकार ने 80,184 करोड़ रुपये केंद्रीय करों में हिस्सा मिलने का अनुमान लगाया था। केंद्र सरकार से साढ़े छह हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त मिले हैं। वहीं, जीएसटी से 33 हजार 110 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं, जो वर्ष 2022-23 की तुलना में लगभग 26 प्रतिशत अधिक है।

**श्वेत पत्र लाने की मांग**-प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया है कि सरकार की वित्तीय स्थिति खराब है। प्रदेश कर्ज के बोझ तले दब गया है। सरकार को वित्तीय स्थिति जनता के बीच स्पष्ट करनी चाहिए। विधानसभा के मॉनसून सत्र में इसको लेकर श्वेत पत्र प्रस्तुत किया जाए। वहीं, उप मुख्यमंत्री वित्त जगदीश देवड़ा का कहना है कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति ठीक है। कर्ज जब भी लिया जाता है तो वह निर्धारित मानदंडों के अनुरूप ही लिया जाता है और इस राशि का उपयोग प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए होता है।

## डॉ. आर्य बाली इंडोनेशिया में करेंगे शोधपत्र का वाचन

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** पी.जी. कॉलेज मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्रो. अनिल कुमार आर्य, (सहायक प्राध्यापक, संस्कृत) हिन्दू यूनिवर्सिटी नेगरी, बाली, इंडोनेशिया एवं साहित्य चयन युवा संवाद फाउंडेशन दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 14 जून से 16 जून 2024 तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय साहित्य शोध संगोष्ठी में सहभागिता करेंगे। यह शोध संगोष्ठी बाली के हिंदू यूनिवर्सिटी नेगरी सुग्रीव, देनपसार बाली के सभागार में आयोजित होगी। इस महोत्सव में भारत के पचास से अधिक साहित्यकारों व पत्रकारों के अलावा विश्व के कई देशों के शोध एवं साहित्य से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है।



इस अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में डॉ. अनिल कुमार आर्य 'वैदिक साहित्य में निहित विश्वबन्धुत्व एवं मानवीय मूल्यों की प्रासंगिकता' विषय पर आधारित अपने शोधपत्र का वाचन करेंगे। इससे पूर्व प्रो. अनिल कुमार आर्य यू.ए. ई., अमरीका, कनाडा एवं यूरोप के कई देशों की यात्रा कर चुके हैं और विश्व के अनेकों विश्वविद्यालयों में अपने शोधपत्र का वाचन कर चुके हैं। इस बाली, इंडोनेशिया एवं वियतनाम की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक यात्रा हेतु प्रो. आर्य के साथ उनकी पत्नी, पी.जी. कॉलेज की पूर्व छात्रा एवं विद्या सागर कॉलेज इंदौर में एम. एड. पाठ्यक्रम में अध्ययनरत आराधना पाटीदार ने भी शोध पत्र वाचन के लिए प्रस्थान किया। महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी एवं प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने दोनों प्राध्यापकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पर कहा कि यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्रो. अनिल कुमार आर्य अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी दुबई में सहभागिता करेंगे एवं महाविद्यालय के यश को विश्व में चारों ओर बढ़ाएंगे। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों व एनएसएस स्वयंसेवकों ने संस्कृत विभाग के प्रो. अनिल कुमार आर्य को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

## थोक महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 2.61% पर पहुंची

**नई दिल्ली, 14 जून।** मई में देश की थोक महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 2.61 पर पहुंच गई। अप्रैल महीने में यह 1.26 फीसदी थी। थोक खाद्य मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में 5.5 प्रतिशत और मई 2023 में 4.82 प्रतिशत थी। मई में मासिक आधार पर थोक कीमतों में 0.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

खाद्य वस्तुओं विशेषकर सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं के दाम बढने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने 1.26 प्रतिशत थी। मई 2023 में यह (-) 3.61 प्रतिशत थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, मई, 2024 में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के निर्माण, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, खनिज तेलों, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है।

आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में 9.82 प्रतिशत बढ़ी जबकि अप्रैल में यह 7.74 प्रतिशत थी। सब्जियों की मुद्रास्फीति मई में 32.42 प्रतिशत रही जो इससे पूर्व महीने में 23.60 प्रतिशत थी। प्याज की मुद्रास्फीति 58 दशमलव शून्य पांच प्रतिशत और आलू की मुद्रास्फीति 64 दशमलव शून्य पांच प्रतिशत रही। मई में दालों की महंगाई दर 21 दशमलव नौ-पांच प्रतिशत बढ़ी। ईंधन और बिजली बास्केट में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल की 1।38 प्रतिशत की मुद्रास्फीति से थोडी कम है। विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति अप्रैल में (-) 0.42 प्रतिशत से बढ़कर 0.78 प्रतिशत हो गई। मई के थोक मूल्य सूचकांक में वृद्धि इस महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के विपरीत है। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार मई में खुदरा मुद्रास्फीति एक साल के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर आ गई। आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में लगातार आठवीं बार ब्याज दर को अपरिवर्तित रखा है।

## जल निगम के ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है किसानों के साथ छलावा-गुर्जर

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर ने बताया कि बीते कई दिनों से किसानों द्वारा उन्हें कहा जा रहा था कि जल निगम के ठेकेदारों द्वारा जिले भर में पाइपलाइन के लिए खुदाई की जा रही है जिसकी वजह से किसानों की निजी पाइप लाइन को काफी क्षति पहुंची है इससे जिले भर के किसानों को लाखों रुपए का नुकसान झेलना पड रहा है और जब किसानों द्वारा जल निगम के ठेकेदारों से इस बाबत शिकायत की तो ठेकेदारों ने इस पर कोई भी जिम्मेदारी ना लेते हुए ये कहा कि इस टूटफुट में हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। गुर्जर ने कहा कि उन्होंने जल निगम के अधिकारी वीरेंद्र परिहार से फोन पर बात की तो जल निगम के अधिकारी श्री परिहार ने स्पष्टकहा कि ठेकदारों और निगम के बीच हुए अनुबंध में इस बात का विशेष उल्लेख है कि यदि खुदाई के दौरान किसानों की निजी पाइप लाइन टूटती है तो उसे सुधारने की जिम्मेदारी ठेकेदार की रहेगी, लेकिन इस बात का पालन जिले भर में चल रहे कार्य के दौरान किसी ठेकेदार ने नहीं किया है। और जब इसी विषय को लेकर जब जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर ने नंदावता, करनाखेडी, राकोदा के पास चल रहे कार्य का निरीक्षण किया तो देखा कि हालात बद से बदतर हो गए हैं। लगभग 10 दिनों में बारिश होने वाली है और ग्रामीण क्षेत्रों की स्थितियां खराब हो चुकी है, काम अधूरे पड़े हैं। जिला पंचायत सदस्य गुर्जर ने जारी प्रेस नोट के माध्यम से जिला प्रशासन से किसानों की इस अतिमहत्त्वपूर्ण विषय पर संज्ञान लिए जाने हेतु उचित कदम उठाए जाने का अनुरोध किया।



## टक्कर से हुई थी मौत, बाइक चालक पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** बाइक की टक्कर से हुई मौत के मामले में पुलिस ने एक माह बाद टक्कर मारने वाले चालक के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार 11 मई 2024 को रणायरा व नापाखेडा के बीच बाइक से जा रहे गादोला (रठाजना) निवासी नानालाल लोहार व उनकी पत्नी संतोषबाई को रांग साइड से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी, जिससे दोनों घायल हो गए थे, दोनों को उपचार के लिए मंदसौर ले गए, जहां से नानालाल को उदयपुर रेफर कर दिया था। जहां उपचार के दौरान नानालाल की मौत हो गई थी। मर्ग जांच पर नारायणगढ पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक (एमपी 14 जेडई 0107) के चालक के खिलाफ धारा 304 ए, में केस दर्ज किया।

## शिशु एवं बच्चों की मृत्यु को रोकने के लिए वरदान साबित होगा दस्तक अभियान-जैन

**नीमच, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** शिशु एवं बच्चों की मृत्यु को रोकने के लिए वरदान साबित होगा दस्त क अभियान उक्त विचार कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने दस्तक अभियान की जिला स्तदरीय अंर्तविभागीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सह मीडिया कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। कलेक्टर श्री जैन ने दस्तक अभियान की जिला स्तरीय अंर्तविभागीय उन्मुखीकरण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए निर्देशित किया कि फिल्डी स्तर पर सीएचओ के नेतृत्व में आंगनवाडी कार्यकर्ता , एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर, निर्धारित 11 प्रकार की सेवाएं प्रदाय करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं करें। श्री जैन ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता निर्धारित समय में फिल्ड में उपस्थित रहे तथा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की एनीमिया एवं निमोनिया की जांच आवश्यक रूप से करें। दस्तं रोग से ग्रसित बच्चों का चिन्हांकन कर, उन्हें ओआरएस का पैकेट वितरित करें। बच्चों में जन्मजात विकृत्ति की पहचान कर, उचि संस्था पर रैफर करें। साथ ही 5 वर्ष तक के बच्चों को आहार पूर्ति के संबंध में परामर्श प्रदान करें।

प्रशिक्षण उपरांत कलेक्टंर श्री जैन ने मीडिया को जानकारी प्रदाय करते हुए बताया कि यह अभियान 25 जून से प्रारंभ होकर, 27 अगस्त 2024 तक संचालित होगा। अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष तक के 95429 बच्चों की स्क्रीनिंग की जावेगी। इसके लिए क्षेत्रिय कार्यकर्ता को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है तथा ओआरएस एवं अन्य दवाईयां फिल्ड स्तर तक उपलब्ध कराई जा चुकी है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.डी.प्रसाद, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.खाद्योत, डिप्टी कलेक्टर श्री चन्द्रसिंह धार्वे एवं डॉ.बी.एल सिसौदिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एविडेंस एक्शन के श्री कपिल यति, सभी बी.एम.ओं एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले वरिष्ठ विधायक हरदीप सिंह डंग

### लोकसभा में प्रचंड जीत की दी बधाई, सुवासरा विधानसभा क्षेत्र की विकास आवश्यकताओं को लेकर सौंपा मांग पत्र

**भोपाल/मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व मंत्री एवं सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ विधायक श्री हरदीप सिंह डंग ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। डॉ. यादव से चर्चा करते हुए श्री डंग ने मध्य प्रदेश में सभी 29 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक जीत पर बधाई-शुभकामनाएं दी। श्री डंग ने कहा कि डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में विकास, विश्वास और समर्पण भावना के साथ सरकार द्वारा जो जन कल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं, उससे लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर प्रचंड और ऐतिहासिक जीत प्राप्त करने में सहायता मिली है। इस अवसर पर श्री डंग ने सुवासरा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न विकास आवश्यकताओं एवं जनता से जुडी मांगों को लेकर एक मांग पत्र भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा। आपने मांग की कि सुवासरा विधानसभा क्षेत्र की प्राथमिकताओं को आगामी बजट सहित निकट भविष्य में स्वीकृति प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधायक श्री डंग से चर्चा में आश्वस्त किया कि विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी।

## शामगढ़ स्थित बावड़ी में जनसहयोग द्वारा किया श्रमदान

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शामगढ स्थित बावडी में जनसहयोग से श्रमदान किया। बावडी की साफ-सफाई करने में सामाजिक कार्यकर्ताओं, समाजसेवियो ने भी भरपूर योगदान दिया। ग्रामीणों जनों के साथ हर गांव का दल तालाब, नाले की सफाई में जुट गया है। सैकडो महिला, पुरूष तथा युवा, समाजसेवी श्रमदान कर रहे हैं। श्रम दान के दौरान महिलाओं, पुरुषों में विशेष उत्साह दिख रहा था, श्रमदान के दौरान सभी जल संरक्षण के गीत भी गा रही है। श्रमदान के बाद सभी में खुशी की लहर दिखने लगी, सभी ने लगातार सफाई का संकल्प लिया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भूमि जल व वर्षा जल को सहेजने के लिए पुरानी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने का काम किया जा रहा है। यह अभियान 16 जून तक चलेगा। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थानीय लोगों ने भी हाथ बटाया। भूमि का जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। हमें वर्षा जल सहेजने के लिए साझा प्रयास करने होगें।

## पेड़ पर फन्दा बनाकर लगाई फांसी

**पिपलियामंडी, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** गांव हरसोल में पेड पर फन्दा बनाकर एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली। जानकारी केअनुसार हरसोल, हाल मुकाम प्रतापगढ निवासी कैलाशचन्द (55) पिता नंदराम प्रजापत ने गुरुवार सुबह पैतृक खेत पर लगे पेड पर फन्दा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर दोपहर पुलिस पहुंची, शव नीचे उतरवाकर पीएम के लिए भिजवाया। टीआई अनिल रघुवंशी ने बताया आत्महत्या का कारण पता नही चल पाया, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया कैलाश हरसोल का निवासी है, जो वर्तमान में प्रतापगढ रह रहा था। वह बुधवार को ही हरसोल आया था।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त का वितरण 18 को

**नीमच, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वर्ष में कुल रुपये 6000/-की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त वितरण का कार्यक्रम प्रधानमंत्री जी द्वारा 18 जून 2024 को वाराणसी, उत्तरप्रदेश राज्य से किया जा रहा है। 17 वीं किस्त वितरण दिवस को 'पीएमकिसान उत्सव दिवस' के रूप में मनाया जावेगा।

पीएम किसान उत्सव दिवस के कार्यक्रम में विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किया जायेगा। ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर/बडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। जिलों की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था कर कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। योजनांतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम हेतु ग्राम नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है। ग्राम नोडल अधिकारियों को कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित किया जाएगा। नोडल अधिकारी संबंधित कृषकों को भी कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होने हेतु प्रेरित करेंगे एवं हितग्राहियों को किस्त प्राप्त करने हेतु ई-केवायसी, आधार एव बैंक खाता लिंकिंग एवं पीएमकिसान पोर्टल पर स्टेटस अवलोकन करने संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे। अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन MyGOV प्लेटफार्म के माध्यम से कराया जाकर कार्यक्रम से लाईव जुडने के लिए प्रेरित किया जायेगा। कार्यक्रम से जुडने हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक https://pmindia webcast.nic.in का उपयोग किया जा सकता है। इस कार्यक्रम अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम के नोडल अधिकारी संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सहायक नोडल अधिकारी संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत होंगे। एडीएम श्रीमती लक्ष्मीस गामड़ ने सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओं को उक्तक कार्यकम के सफल आयोजन की व्यव्थाती सुनिश्चित कर अवगत कराने के निर्देश दिए है।

## योग दिवस समारोह के लिए नूतन खेल परिसर में काउंट डाउन कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। उसी तरह इस वर्ष भी योग दिवस मनाया जायेगा। 21 जून 2024 को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के उपलक्ष्य में जिला आयुष विभाग द्वारा आज प्रात: 7 से 8 बजे दशपुर योग संस्थान नूतन खेल परिसर में प्रोटोकॉल के अंतर्गत काउंट डाउन कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग से तन मन को शक्ति मिलती है। निरोगी बनने के लिए योग आवश्यक है। हर व्यक्ति को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने जिले के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संस्थाओ, शासकीय सेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियो, शिक्षको सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। इस दौरान राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, अन्य अधिकारी गण, कर्मचारी गण, विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता, जागरूक नागरिक मौजूद थे। अंत में अतिथियों द्वारा 21 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।




**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण -सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भूखंड क्रमांक LIG.I-186 श्री लखन बिरला पिता श्री दयाराम बिरला को मण्डल आदेश क्रमांक 947 दिनांक 30.10.2015 द्वारा नामांतरित किया गया था। भूखंड का लीज नवीनीकरण दिनांक 20.02.2020 को उप पंजीयक कार्यालय में निष्पादित किया गया था। श्री लखन बिरला पिता श्री दयाराम बिरला द्वारा उक्त भूखंड का विक्रय श्रीमती नीता मुंजी पति श्री विनय मुंजी को कर विक्रय पत्र दिनांक 21.07.2020 को पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखंड का नामांतरण श्रीमती नीता मुंजी पति श्री विनय मुंजी अपने करवाना चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखंड क्रमांक LIG.I-186 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती नीता मुंजी पति श्री विनय मुंजी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण -सूचना (मृत्यु उपरांत)**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG I-359 श्रीमती अंजु भावसार पिता श्री गेंदालाल भावसार को मण्डल आदेश क्रमांक 396 दिनांक 20.02.1992 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 27.05.2003 को पंजीबद्ध किया गया था।

श्रीमती अंजु भावसार पिता श्री गेंदालाल भावसार का स्वर्गवास दिनाक 28.04.2021 को हो जाने से इनके एक मात्र पुत्र श्री पलाश भावसार पिता श्री नारायण भावसार अपने पिता श्री नारायण भावसार पिता श्यामलाल भावसार एवं अपनी बहन सुश्री रितु भावसार पिता नारायण भावसार की सहमती एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री पलाश भावसार पिता श्री नारायण भावसार अपने नाम से करवाना चाहते है। अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक MIG I-359 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्री पलाश भावसार पिता श्री नारायण भावसार से नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण -सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक HDX-112 श्री राकेश कुमार गोयल पिता श्री गोरधनलाल गोयल को आवंटित किया गया था। उक्त भवन के विक्रय विलेख का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 22.07.2002 को पंजीबद्ध किया गया था।

श्री राकेश कुमार गोयल पिता श्री गोरधनलाल गोयल द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमति प्रेरणा मित्रा पति श्री आलोक कुमार यादव को कर विक्रय पत्र दिनांक 18.01.2024 को इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमति प्रेरणा मित्रा पति श्री आलोक कुमार यादव अपने नाम से करवाना चाहती है। अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य /वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक HDX-112 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्रीमति प्रेरणा मित्रा पति श्री आलोक कुमार यादव से नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)


## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 46 | 2200 | 2360 |
| उडद | 000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 3800 | 3860 | 4710 |
| गैहु | 4500 | 2412 | 3131 |
| चना | 300 | 6221 | 6820 |
| मसुर | 242 | 5401 | 6270 |
| धनिया | 250 | 4500 | 7002 |
| लहसुन | 12300 | 5500 | 23000 |
| मैथी | 1100 | 4400 | 5900 |
| अलसी | 1365 | 5050 | 6064 |
| सरसो | 647 | 5051 | 5521 |
| तारामीरा | 14 | 3681 | 4580 |
| इसबगोल | 133 | 11300 | 14000 |
| प्याज | 3100 | 751 | 2401 |
| कलोंजी | 45 | 10500 | 19380 |
| डॉलर | 33 | 6303 | 9203 |
| तिल्ली | 375 | 6920 | 12131 |
| मटरसुखी | 000 | 0000 | 0000 |
| असालीया | 105 | 7800 | 9981 |





# तीन दिवसीय महेश नवमी महोत्सव की धूम

**विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई, महिलाओं व बच्चों ने लिया उत्साह से भाग, वाहन रैली व चल समारोह आज**

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** श्री माहेश्वरी समाज मंदसौर द्वारा माहेश्वरी भवन में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय दिवस विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में समाज की महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। द्वितीय दिवस संध्या को भक्ति गीतों पर महिलाओं ने गरबा नृत्य की प्रस्तुति भी दी। माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष अजय लढा ने बताया कि 13 जून को महेश नवीन महापर्व का शुभारंभ भगवान महेश के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान अतिथि के रूप में समाज के वरिष्ठजन सर्वश्री मोहनलाल चौधरी (मण्डोवरा), रमेशचन्द्र लढा, रामविलास सोमानी, बाबूलाल डागा, कृष्णकुमार जाखेटिया, सुरेश सोमानी, पार्षद दिव्या अनुप माहेश्वरी, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष महेश (बंकट) सोमानी, चारभुजा मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष कृष्णकुमार चिचानी, युवा संगठन अध्यक्ष अजय लढा, महिला मण्डल अध्यक्ष मंजू जाखेटिया, महासभा प्रतिनिधि ओमप्रकाश पलोड, माहेश्वरी ट्रस्ट प्रादेशिक सभा संयोजक राजेश कासट उपस्थित रहे। अतिथियों ने महेश नवमी पर प्रकाश डाला एवं समाजजनों को एकजूट में रहने तथा महेश नवमी पर आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की बात कही।

**विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन–** युवा संगठन द्वारा महेश नवमी महापर्व के तहत प्रथम दिवस ग्लास गिराव, रिंग डालो, कलर रेस, माचिस जलाओ चुडी पहनाओ, तेरे पाल में कितनी गेंद, लुडो, माहेश्वरी जीनियस, लिखित प्रतियोगिता, पार्सल पास प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसके विजेताओं को युवा संगठन ने पुरस्कृत किया। प्रथम दिवस संध्या को माहेश्वरी फैमिली इंडिया-2024 का आयोजन हुआ जिसमें विशेष ड्रेस कोड में माहेश्वरी युवा व युवतियों ने भक्ति गीतों पर आकर्षक गरबा नृत्य किया। साथ ही माम एण्ड मी (ए वॉक विथ मदर) प्रतियोगिता भी युवा मण्डल एवं महिला मंडल ने आयोजित की। जिसमें बच्चों ने अपनी माता के साथ स्टेज पर कैटवॉक किया तथा अपने परिवार के बारे में जानकारी दी। इस अनोखे कार्यक्रम की उपस्थित समाजजनों ने तालियों की गडगडाहट के साथ प्रशंसा की। द्वितीय दिवस एक मिनिट (बॉल डालो), रिंग डालो ईनाम पाओ, ग्लास गिराओ, कलर रेस, तेरे पाले में कितनी गेंद, सिक्के को घर पहुंचाओं, ग्लास दौड़, चेयर रेस, चम्मच रेस, लक्की गेम, डाईपर रेस, पार्सल पास, तम्बोला गेम का आयोजन हुआ। जिसमें समाजजनों ने उत्सुकता के साथ भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**आज निकलेगी वाहन रैली व भव्य शोभायात्रा–** महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत आज 15 जून महेश नवमी के दिन प्रात: 9 बजे माहेश्वरी भवन से विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया है जो मंदसौर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए पुन: माहेश्वरी भवन पर पहुंचेगी। सायंकाल 4.30 बजे श्री चारभुजानाथ मंदिर बड़ा चोक से भगवान महेश की भव्य शोभायात्रा एवं समाज का चल समारोह निकलेगा जो बड़ा चोक से प्रारंभ होकर धानमडी, कालीदास मार्ग, घण्टाघर, बस स्टेण्ड, बड़े बालाजी मंदिर, नीलम होटल कालाखेत, नयापुरा होते हुए माहेश्वरी भवन पहुंचेगा। यहां सायंकाल 7 बजे भगवान महेश की महाआरती पश्चात् समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाए। उसके पश्चात् समाज का स्नेहभोज का आयोजन होगा। युवा संगठन अध्यक्ष अजय लढ़ा, सचिव कुलदीप सोमानी, कोषाध्यक्ष सीए नितेश भदादा सहित निमेष पसारी, अनुजीत बजाज, राहुल कासट, राहुल पलोड़, सीए रोहन सोमानी, ऋषभ मंडोवरा, प्रत्यक्ष मालू, कुलदीप सोनी, विनायक माहेश्वरी, अंकित माहेश्वरी, शुभम सोमानी, माधव सोमानी, गोपाल तोषनीवाल, सोनू गुप्ता आदि ने सभी समाजजनों ने वाहन रैली, चल समारोह सहित सभी कार्यक्रमों में सपरिवार उपस्थित रहने की अपील की है।

# उज्जैन में 15 करोड़ से अधिक नकदी बरामद, सट्टा खिलाने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का खुलासा

**9 आरोपी गिरफ्तार, उज्जैन निवासी सरगना फरार, पुलिस ने किया लूक आउट नोटिस जारी**






**उज्जैन, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** उज्जैन पुलिस ने हाइटेक एप्लीकेशन एवं हाइटेक डिवाइसों के माध्यम से सट्टा खिलाने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके ठिकाने से 15 करोड से अधिक की नकदी, बडी मात्रा में 7 देशों की मुद्रा, चांदी एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है। गिरोह का सरगना उज्जैन के खाराकुआ थाना क्षेत्र का निवासी पीयूष चोपड़ा फरार है। उसके खिलाफ पुलिस ने रेड कार्नर नोटिस जारी किया है।

पूरे मामले का पुलिस कंट्रोल रूम में खुलासा करते हुए उज्जैन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि उज्जैन पुलिस की क्राईम ब्रांच, सायबर टीम के साथ नीलगंगा एवं खाराकुंआ थाना पुलिस ने यह उपलब्धि हासिल की है। मध्य प्रदेश के इतिहास में सट्टे के विरुद्ध यह कार्रवाई है। फरार मुख्य सरगना पीयूष चौपडा के विरूद्ध उज्जैन पुलिस ने लूकआउट सर्कुलर जारी कराया है। मामले में इंकम टेक्स एवं अन्य संबंधित विभागों को भी सूचना दी गई है। श्री सिंह ने कहा कि इसमें हवाला के पैसों से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

**इस तरह हुई कार्रवाई की शुरूआत–** गुरूवार को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की थाना नीलगंगा क्षेत्र स्थित 19 ड्रीम्स कॉलोनी के ड्यूप्लेक्स नं 18 में पियूष चोपडा के साथ पंजाब, राजस्थान व मध्य प्रदेश के कुछ लोग कई दिनों से व्यापक स्तर में अंतर्राष्ट्रीय सट्टा खिला रहे हैं। इस पर क्राईम व सायबर टीम व थाना नीलगंगा पुलिस द्वारा दबिश दी गई जहाँ क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड कप के बांग्लादेश व नीदरलैण्ड का मैच पर खाईवाली / लगाईवाली करते आरोपियों से कुल 41 मोबाईल फोन, 11 लैपटाप, 01 मैक-मिनी, 01 आईपैड, राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय सिमें, 02 पेन्ड्राईव, 03 मेमोरी कार्डसहित अन्य संचार उपकरण जप्त किये जाकर कुल 09 आरोपीगणों (01 राजस्थान, 04 पंजाब, 04 नीमच म.प्र) को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से मुख्य आरोपी फरार हो गया था। फरार आरोपी पियूष चौपडा के मुसद्दीपुरा थाना खाराकुआँ स्थित घर पर दबिश दी गई, जहाँ पर तलाशी के दौरान सामान्य मात्रा से अधिक संख्या में नगदी रुपये, अतर्राष्ट्रीय करंसी, चाँदी की सील्लियाँ एवं एप्पल मेकमिनी सीपीयू, 11 लेपटॉप सहित अलग-अलग रंग के 11 बेग्स में भारतीय रुपये कुल 14.58 करोड़ नगद, तथा भारी मात्रा में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा जो कि कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, युरो, पाउण्ड, यूएस डॉलर, हंगरी यूरो, पॉलिश मुद्रा, नेपाली रुपये आदि बरामद किए गए।

**नीलगंगा पुलिस ने किया अपराध दर्ज–** घटना पर से थाना नीलगंगा में अपराध क्रमांक 248/24 धारा 419,420,467,468,109,120बी भादवि, 3/4 पब्लिक गेम्बिलंग एक्ट तथा 66 डी आईटी एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों के अपराधिक रिकार्ड भी प्राप्त किये जा रहे हैं, जिनकी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संल्पिता की जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता किया जा रहा है कि गिरोह राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कहां-कहा सक्रिय है।

**ऐसे अंजाम देते थे आनलाईन सट्टे को–** फरार आरोपी पियूष चोपडा गोपनीय तरीके लंबे समय से 19 ड्रीम्स कॉलोनी इंदौर रोड स्थित घर पर ही सट्टा संचालित कर रहा था। सट्टा व्यापार में मुनाफा होने से विगत 06 माह लुधियाना पंजाब, नीमच म.प्र., निम्बाहेडा राजस्थान से सट्टा व्यपार में कुशल पंटर भी उँचे दामों में किराये पर ले आया था। पियूष ने पंटरों को संपूर्ण हाइटिक संसाधन उपलब्ध कराकर राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय बुकीज़ से सम्पर्क बनाया। इसके लिये श्र्विर्विशिुलह9.लि ऑनलाईन वेबसाईट पर रजिस्ट्रेशन कराकर आई.डी. एवं पासवर्ड अपने पंटरों को खाईवाली लगाईवाली करने के लिये उपलब्ध कराई। londonexch9.com वेबसाईट पर लाईव क्रिकेट व टेनिस के मैच के भाव के अनुसार match-bet VWm session-bet प्रदर्शित होती हैं। इनपर लशीं लगाने के संबंध में पीयूष चौपड़ा अपने पंटरों को निर्देशित करता था। पूरे मैच के दौरान बुकीज़/पंटरों द्वारा zoom meeting ऐप के द्वारा एवं SimTodo.Apk एप्लीकेशन द्वारालाइव कनेकटीविटी लेकर लाईन लगातार चलती रहती थी, जिस पर बुकीज व पंटर लाइव कम्युनिकेशन में रहते थे। इसी समय पंटरो द्वारा खाई/लगाई कर धंधा बोला जाता था। एक बार में एक लाईन पर 50,000/- से 25,00,000/- रुपये तक का धंधा किया जाता था। धंधा कितना किया जाना है यह पियूष चोपड़ा के द्वारा बताया जाता है उसके बाद पंटर बुकीज़ को धंधा उतारते हैं। इस तरह एक मैच में करोड़ों रूपयों की हार-जीत की बाजी लगाई जाती थी। इसके लिये आरोपी पीयूष द्वारा हाई स्पीड इंटरनेट डिवाइस का प्रयोग किया जाता था, इसका 01 सेटअप पीयूष ने अपने घर पर भी स्थापित कर रखा था। प्रत्येक लेपटॉप में खाई/लगाई के संपूर्ण लेनदेन का हिसाब horse app लीकेशन के माध्यम से पेन ड्राईव में सेव कर लिया जाता है। पेन ड्राईव्स में लेनदेन का हिसाब पियूष ही मैनेज करता है।

**सरगना परिवार को लेकर विदेश भागने वाला था–** आरोपी पीयूष बिल्डर होकर प्रापर्टी का काम करता है। पूर्व में कई बार विदेश होकर आया है। इसके घर से पासपोर्ट, क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड व सटटे के हिसाब किताब से संबंधित भारी मात्रा में दस्तावेज व नगदी जप्त किये गये है। आरोपी पीयूष परिवार के साथ लाटविया देश भागने की फिराक में था, जिसके लिये लूकआउट सर्कुलर जारी कराया जा रहा है। सरगना के भाई एवं उसके परिवार के कुछ सदस्यों की प्रारंभिक स्तर पर संलिप्तता सामने आने पर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने परिवार के सदस्यों के पासपोर्ट भी जब्त किए हैं।

**ये हैं पकडाए 9 आरोपी–** जसप्रीत उर्फ रूबल पिता हरमंदर सिंह 30 वर्ष, गुरप्रीत सिंह पिता सरदार गुरमिल सिंह 36 वर्ष, सतप्रीत सिंह पिता परमजीत सिंह 34 वर्ष, चेतन नेगी पिता स्व पूरनचंद नेगी 37 सभी निवासी लुधियाना पंजाब, रोहित पिता सुरजीत सिंह 26 वर्ष, मयूर जैन पिता विजय जैन 30 वर्ष, आकाश मसीही पिता अजय मसीही 26 वर्ष, गौरव पिता सूरजमल जैन 26 वर्ष सभी निवासी नीमच म.प्र, हरीश पिता राजमल तेली 36 वर्ष निम्बाहेडा राजस्थान।

# गांजा तस्कर को 10 साल की सजा, 1 लाख का जुर्माना

**मंदसौर, 14 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायधीश एनडीपीएस एक्ट द्वारा आरोपी निलेश पिता सुनील गवली आयु 22 वर्ष को अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने के आरोप का दोषी पाकर 10 साल के सश्रम कारावास की सजा एवं 1 लाख रूपये जुर्माने से दंडित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त 2014 को थाना पिपलिया मंडी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक ईश्वर जोशी को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद कार एमएच 06 एएल 9088 में संधिग्ध व्यक्ति बैठे हैं। वे अपने साथ गांजा लेकर हाईवे से नीमच की ओर जाएंगे। यदि तत्काल पहुंचकर दबिश दी जाए तो सफलता मिल सकती है। मुखबीर सूचना विश्वसनीय होने से मय फोर्स एक टीम को रवाना कर नीमच हाईवे रोड़ पर सगस बावजी मंदिर के सामने पिपलियामंडी रोड पर नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिए की कार दिखाई दी, जिसे रोका और उसमें कुछ संधिग्ध लोग बैठे हुए थे। जिनका नाम व पता पुछकर उनके वाहन की तलाशी ली गई। जिसमें कार के पीछे की सीट पर एक प्लास्टिक का कट्टा था तथा कार की डिक्की में भी एक प्लास्टिक का कट्टा था। जिसके मुंह रस्सी से सिले हुए था। कट्टों को बाहर निकाल कर खोलकर देखा तो उनमें गांजे के पौधे की पत्तिया जैसा पदार्थ भरा हुआ दिखाई दिया, जिसे अवैध मादक पदार्थ गांजे के रूप में पहचान की गई। आरोपी से पूछे जाने पर उसके के पास कोई वैध लाईसेंस न होना बताया। उक्त मादक पदार्थ का तौल किये जाने पर कुल वजन 42 किलोग्राम होना पायां गया। मौके पर ही आरोपीयों को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा बनाया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस थाना पिपलिया मंडी में अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान जप्तीकर्ता एवं साक्षियो के कथन तथा विवेचना की अन्य औपचारिक्ताएं पूर्ण करने के पश्चात् आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष विशेष लोक अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

## जमीन विवाद में पीटा, पिता-पुत्रों पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** जमीन मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्रों पर केस दर्ज किया। पलेवना निवासी प्रवीणसिंह पिता भारतसिंह राजपूत ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि जमीन विवाद के चलते गांव के अवतारसिंह पिता रामसिंह राजपूत, मंगलसिंह पिता रामसिंह राजपूत, रामसिंह पिता खुमानसिंह राजपूत ने खेत पर बुलाया, गाली-गलौज कर मारपीट की पत्थर व तलवार जैसी वस्तु से हमला किया, जिससे खून निकलने लगा। मेरा भाई उत्तमसिंह बीच-बचाव करने आया तो उसे भी पीटा। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## मारपीट, भानेज सहित दो पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में भानेज सहित दो पर केस दर्ज किया। लसुड़िया कदमाला निवासी श्यामलाल पिता मोहनलाल बावरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि खेत पर था, इसी दैरान भानजा बाबू पिता गोरर्धन व मेरे बड़े भाई किशोर की पत्नी मंजूबाई आए और बोले तूने घर में से अनाज निकालकर क्यों बेचा। दोनों ने पत्थर से सिर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## नपा परिषद द्वारा जल संगोष्ठी का आयोजन आज

**मंदसौर, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, जलकार्य सभापति श्री निलेश जैन, सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि म.प्र. शासन के निर्देशानुसार दिनांक 6 जून से 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान मंदसौर नपा के द्वारा चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज 15 जून शनिवार को दोप. 3.30 बजे नपा सभागृह में नपा परिषद एवं सार्थक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जल संरक्षण विषय संगोष्ठी का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जल संरक्षण के क्षेत्र में कई वर्षों से कार्य कर रहे देवास जिले के डॉ.सुनील चतुर्वेदी का संबोधन प्राप्त होगा। इस संगोष्ठी के कार्यक्रम में अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री नानालाल अटोलिया, विधायक श्री विपिन जैन, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में नपा परिषद ने नगर के गणमान्य नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों, व्यावसायिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, आर्किटेक्ट एवं भवन निर्माण कांट्रेक्टरों से आग्रह किया है कि वे इस जल संरक्षण हेतु आयोजित की जा रही संगोष्ठी में उपस्थित रहकर नगर में जलसंवर्धन के कार्यों को गति प्रदान करने में सहयोग करे।

# मप्र विधानसभा में लागू होगी ई-विधान व्यवस्था, सदस्यों के सामने होगी स्क्रीन

**भोपाल, 14 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश विधानसभा में एक वर्ष के भीतर सभी काम ऑनलाइन होंगे। सदस्यों को सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्न भी ऑनलाइन स्क्रीन पर नजर आएंगे। इसके लिए सभी सदस्यों के टेबल पर स्क्रीन लगेगी। इसके लिए ई-विधान परियोजना लागू की जाएगी, जिसका प्रस्ताव संसदीय कार्य विभाग ने कैबिनेट के अनुमोदन के लिए तैयार कर लिया है। 23 करोड़ रुपए लागत की इस ई-विधान परियोजना को सरकार से शीघ्र अनुमति मांगने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने संसदीय कार्य विभाग से कहा है।

**तैयार हो रहा है प्रस्ताव–** विभाग कैबिनेट से परियोजना की मंजूरी के लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा है, जिसे विधानसभा के मॉनसून सत्र के पहले मंजूरी मिल सकती है। प्रदेश में ई-विधान परियोजना को लागू करने की तैयारी पिछले दो-तीन वर्ष से चल रही है। तत्कालीन अध्यक्ष गिरीश गौतम अधिकारियों के दल के साथ केरल सहित अन्य राज्यों की विधानसभा में लागू इस व्यवस्था का अवलोकन भी कर चुके हैं। नरेन्द्र सिंह तोमर के विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद विधानसभा सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग और संसदीय कार्य मंत्रालय के बीच अनुबंध भी हो गया है। इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार से मिलेगी और 40 प्रतिशत राज्य सरकार लगाएगी। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह का कहना है कि ई-विधान व्यवस्था का उद्देश्य देश की सभी विधानसभाओं को एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म पर लाना है। इससे एक-दूसरे के नवाचार पता लगेंगे और विचारों का आदान प्रदान भी होगा। इस व्यवस्था लागू होने के बाद विधानसभा के कागज में खर्च होने वाले करोड़ों रुपए प्रतिवर्ष बचेंगे। सदस्यों को चर्चा करने के लिए संदर्भ सामग्री भी ऑनलाइन उपलब्ध हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि अभी प्रश्न आनलाइन स्वीकार किए जाते हैं। प्रश्नोत्तरी भी आनलाइन कर दी गई है। बजट भी केंद्र सरकार की तरह डिजीटल माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। इसे देखने के लिए सभी सदस्यों को टैबलेट भी दिए गए हैं। नए सदस्यों को अब फिर टैबलेट दिए जाएंगे।


## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति पिपलिया, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक/मंडी/नि./24-25/553 पिपलिया, दिनांक:- 14.06.2024

### ** निविदा आमंत्रण सूचना **

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारो से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदाएँ क्रमांक 2024_MPSAM_351038_1 के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएँ दिनांक 18.06.2024 समय 10.30 से दिनांक 09.07.2024 को साय 5:30 बजे तक आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल http//www.mptenders.gov.in/nicgep /app पर प्राप्त होगी, एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल http// www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट:-आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जावेगा।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति पिपलिया
जिला मंदसौर (म.प्र.)

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति पिपलिया
जिला मंदसौर (म.प्र.)

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/741/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक-12.06.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// द्वितीय सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री महेन्द्रसिंह आंजना पिता बद्रीलाल आंजना निवासी करजू, तहसील दलौदा, जिला मंदसौर द्वारा केशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 04.03.2024 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना 364/खनिज/2024 मंदसौर दिनांक 06.03.2024 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः 02.07.2024 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मंदसौर | डिगांवमाली | 297/1 | 2.000 हे. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम. सेंड (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02.07.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-11673/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## कार्यालय जिला पंचायत, जिला मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक /मनरेगा/वाहन/2024/1793 मंदसौर, दिनांक-13.06.2024

### // निविदा हेतु विज्ञप्ति //

जिले में ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के संचालन एवं सतत निरीक्षण एवं मानिटरिंग हेतु निम्नानुसार योजनाओं में डीजल वाहन की आवश्यकता है जो मासिक किराया पर लिया जावेगा।

| क्रं. | वाहन का प्रकार | वाहन संख्या |
|---|---|---|
| 1 | ईनोवा वाहन | 01 वाहन |
| 2 | बोलरो/अन्य वाहन | 01 वाहन |

इच्छुक निविदाकर्तागण दिनांक 25 जून 2024 तक अपरान्ह 2 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर अपरान्ह 3 बजे तक जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 27 जून 2024 को सायं 4 बजे खोली जावेगी।

निविदा संबंधी विस्तृत शर्तो का अवलोकन Mandsaur.nic.in तथा कार्यालय जिला पंचायत मंदसौर में कार्यालयीन (अवकाश छोड़कर) समय में देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत, मंदसौर

## न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा कयामपुर तहसील सीतामऊ, जिला-मंदसौर

(ब मामले वाद धारा 109, 110 म.प्र. भू राजस्व संहिता नामांतरण)

प्रकरण क्र./1441/अ-6/2023-24 365

14.06.2024

### ** उद्घोषणा **

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कयामपुर स्थित भूमि सर्वे नंबर 290 रकबा 0.54 में से 0.27 हे. पर आवेदक पंकज पूरी पिता ओंकारलाल गोस्वामी निवासी कयामपुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर नामांतरण हेतु न्यायालय में कार्यवाही जारी है।

अत एव जिस किसी को आपत्ति हो विज्ञप्ति चस्पा होने के दिन से 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति पटवारी ग्राम कयामपुर व न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा कयामपुर तहसील सीतामऊ में प्रस्तुत करें। अवधि गुजरने के बाद को किसी की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 14.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
टप्पा कयामपुर, तहसील सीतामऊ

## न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा कयामपुर तहसील सीतामऊ, जिला-मंदसौर

(ब मामले वाद धारा 109, 110 म.प्र. भू राजस्व संहिता नामांतरण)

प्रकरण क्र./1442/अ-6/2023-24 306

14.06.2024

### ** उद्घोषणा **

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कयामपुर स्थित भूमि सर्वे नंबर 290 रकबा 0.54 में से 0.27 हे. पर आवेदक पंकज पूरी पिता ओंकारलाल गोस्वामी निवासी कयामपुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर नामांतरण हेतु न्यायालय में कार्यवाही जारी है।

अत एव जिस किसी को आपत्ति हो विज्ञप्ति चस्पा होने के दिन से 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति पटवारी ग्राम कयामपुर व न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा कयामपुर तहसील सीतामऊ में प्रस्तुत करें। अवधि गुजरने के बाद को किसी की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 14.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
टप्पा कयामपुर, तहसील सीतामऊ


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in